भारत सरकार
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय
उद्योग संवर्धन और आंतरिक व्यापार विभाग
राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1819

शुक्रवार, 04 अगस्त, 2023 को उत्तर दिए जाने के लिए

ओएनडीसी प्लेटफॉर्म का कार्यान्वयन

1819. श्री बी. पार्थसारधी रेड्डी:

क्या **वाणिज्य और उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) प्लेटफॉर्म की शुरुआत के क्या कारण हैं और उपभोक्ताओं और विक्रेताओं को ऐसे प्लेटफॉर्म के क्या लाभ हैं;;

(ख) क्या यह सच है कि प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियां ओएनडीसी प्लेटफॉर्म में शामिल होने के लिए अनिच्छुक हैं;;

(ग) यदि हां, तो सरकार द्वारा प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियों को इस मंच से जुड़ने के लिए आकर्षित करने हेतु क्या उपाय किए जा रहे हैं; और

(घ) सरकार किस प्रकार वस्तुओं और सेवाओं के लिए एक कुशल डिजिटल बाज़ार बनाने की योजना बना रही है?

उत्तर
वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय में राज्य मंत्री
(श्री सोम प्रकाश)

(क) : डिजिटल कॉमर्स के लिए ओपन नेटवर्क (ओएनडीसी) कोई प्लेटफॉर्म नहीं, बल्कि एक प्रोटोकॉल है, जिसका उद्देश्य डिजिटल अथवा इलेक्ट्रॉनिक नेटवर्क पर वस्तुओं और सेवाओं के आदान-प्रदान के सभी पहलुओं के लिए ओपन नेटवर्क को बढ़ावा देना है।

ओएनडीसी के लॉन्च के कारणों में डिजिटल अथवा इलेक्ट्रॉनिक नेटवर्क पर वस्तुओं और सेवाओं के आदान-प्रदान के सभी पहलुओं के लिए ओपन नेटवर्क को बढ़ावा देना, डिजिटल ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म/एप्लिकेशन में इंटरऑपरेबिलिटी का विकास करना, पहली बार डिजिटल विक्रय करने वालों के लिए डिजिटल समावेशन को बढ़ावा देना और उत्पादों तथा सेवाओं, दोनों के उपभोक्ताओं के लिए व्यापक विकल्प उपलब्ध कराना शामिल है।

ओपन नेटवर्क फॉर डिजिटल कॉमर्स (ओएनडीसी) अपनी किस्म की पहली वैश्विक पहल है, जिसका उद्देश्य भारत में डिजिटल कॉमर्स को आम जनता तक पहुंचाना है। यह भारत में बड़े और छोटे पैमाने के उद्यमों को समान अवसर प्रदान करके, वस्तुओं और सेवाओं के कुशल आदान-प्रदान की सुविधा प्रदान करते हुए डिजिटल कॉमर्स को व्यापक पैमाने पर सबके लिए आसान बनाएगा।

विक्रेताओं के लिए ओएनडीसी एक अधिक समावेशी ई-कॉमर्स परिवेश प्रदान करता है, प्रवेश संबंधी बाधाओं को दूर करने में मदद करता है, उन

प्लेटफॉर्म के विकल्पों का विस्तार करता है जिनका विक्रेता ऑनलाइन व्यापार करने के लिए उपयोग कर सकते हैं, नए व्यापार मॉडलों को उभरने और डिजिटल कॉमर्स क्षेत्र को बदलने तथा नवप्रयोग को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहित करता है।

ओएनडीसी के साथ, उपभोक्ताओं की पहुंच अधिक विक्रेताओं तक होगी और इसलिए उनके पास अधिक विकल्प होंगे। इसके अतिरिक्त, ओपन नेटवर्क अवधारणा विभिन्न व्यवसायों के लिए नवप्रयोग के दायरे को बढ़ाएगी, जो ग्राहक के लिए बेहतर अनुभव का मार्ग प्रशस्त करेगी।

(ख) और (ग) : ओएनडीसी को 7,000 से अधिक संस्थाओं से रुचि की अभिव्यक्ति प्राप्त हुई है और इनमें प्रमुख ई-कॉमर्स कंपनियां, एमएसएमई, स्टार्टअप, ब्रांड और विभिन्न श्रेणियों के व्यवसाय शामिल हैं। ओएनडीसी के अंतर्गत, मौजूदा बड़े ई-कॉमर्स कारोबारियों के साथ-साथ ई-कॉमर्स उद्योग के सभी कारोबारियों को संभावित लाभ प्राप्त होंगे।

(घ) : वस्तुओं और सेवाओं के लिए एक कुशल डिजिटल परिवेश बनाने के उद्देश्य से, ओएनडीसी ने डिजिटल प्लेटफार्मों में इंटरऑपरेबिलिटी विकसित की है जिससे सेवाओं का विस्तार करना संभव हुआ है। ओएनडीसी डिजिटल परिवेश में पारदर्शिता सुनिश्चित करता है, जिससे निष्पक्ष और पारदर्शी पद्धतियों को बढ़ावा मिलता है और सभी प्रतिभागियों के लिए समान अवसर सुनिश्चित होते हैं।

*****